# समय पर हो सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन- विधायक

## विधायक काश्यप मिले कलेक्टर से की चर्चा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

विधायक चेतन्य काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों का नगर निगम द्वारा भौतिक सत्यापन समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की और केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत शहर के पेंशनरों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करने पर बल दिया है।

श्री काश्यप ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने की प्रक्रिया रतलाम में काफी धीमी चल रही है। सरकार द्वारा प्रति माह 22 तारीख को हितग्राहियों के खाते में पेंशन जमा की जाती है। यदि समयबद्धता से सत्यापन कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो हितग्राहियों को 22 अक्टूबर पश्चात पेंशन प्राप्त करने मे दिक्कत आएगी। श्री काश्यप ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले सभी हितग्राहियों से आव्हान किया कि वे समय पर अपना भौतिक सत्यापन कराएं, ताकि पेंशन प्राप्ति में परेशानी ना हो। स्वदेश

स्वदेश 15/10/21

अक्टूबर)

य पतन,

ासाल

यदि घमंड तो तय पतन, रावण बना मिसाल।
जो घमंड से मुक्त हैं, वे रहते खुशहाल।।

मर्यादा पुरुषोत्तम, हैं विनम श्री राम।
शक्ति-शील-सौंदर्य से, धीरज के गुणधाम।।

दंभी संतति दंभ की, दंभ उसे यों खाय।
जैसे कि नागिन ख़ुद के, अंडे खुद खा जाय।।

रूप, ज्ञान, धन, भक्ति का, मत करना अभिमान।
सत्ता, पद मिला तो कह, धन्यवाद भगवान।।

दशहरा सिखलाता है, सीखें हम सब लोग।
अहंकार है दुष्टता, अहंकार है रोग।।



-अज़हर हाशमी


## नेहरु स्टेडियम में होगा रावण दहन, तैयारी जोरों पर

रतलाम @ पत्रिका. शहर में शुक्रवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आमतौर पर शहर में नेहरू स्टेडियम के साथ साथ हनुमान ताल पर रावण के पुतले का दहन होता है। कोरोना के चलते इस बार एक ही स्थान नेहरू स्टेडियम पर यह आयोजन नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा। आतिशबाजी, बैंड की मधूर धुन के साथ श्रीराम बने पात्र द्वारा रावण के पुतले में आग आतिशबाजी से लगाई जाएगी। साथ में लक्ष्मण व हनुमान भी रहेंगे। नेहरू स्टेडियम में रावण बनाने का कार्य तेजी से गुरुवार को चलता रहा। पुलिस व प्रशासन ने आमजन के आने व जाने के लिए मार्ग सुगम रहे इसकी विशेष व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए जगह जगह मार्ग अवरोधक लगाए गए है।

पत्रिका

मालवा के अहम शहरों में एक प्रमुख समस्या जिसका निदान करने आगे आना होगा

# ियों को करें दूर
# ेंगे सबकी आंखों के नूर



**उज्जैन : संभाग में सबसे प्रदूषित शहर**

**रतलाम : स्वच्छता में टॉप 25 में भी नहीं**

**देवास : पॉलीथिन के उपयोग में कमी नहीं**

### 0 कमियों को दूर करने का लें संकल्प

र अच्छाई की जीत का ाथा आज भी प्रासंगिक और अपने आसपास के ना पड़ेंगे। अपनी खास विपरित हालातों में भी व वाले मालवा में हर नको दूर करने के साथ ही हमें सार्वजनिक जिम्मेदारी को भी निभाना है। इसके लिए महापर्व पर हम ऐसी 10 कमियों का दूर करने का संकल्प लें।पत्रिका टीम. मालवांचल का उज्जैन संभाग खुद में कई विशेषताएं समेटे है, लेकिन इनके बीच कुछ कमियां ऐसी है, जिनका दूर होना जरूरी है।



### हमारी परंपरा, हमारा दायित्व...मिलकर बनाएंगे आदर्श

सार्वजनिक तौर पर हम खुद इसकी शुरूआत कर सकते है तो दूसरों को प्रेरित कर आदर्श स्थापित करने की दिशा में बढ़ा जा सकता है। उज्जैन में बिगड़ती आबोहवा, रतलाम में स्वच्छता के प्रति अनदेखी, देवास में पॉलीथिन मुक्ति की उदासीनता, मंदसौर में नशे की प्रवृत्ति, नीमच में बढ़ता अपराध, शाजापुर में शिक्षा की बाधा, आगर में बुनियादी ढांचा, नागदा में कुप्रथाओं पर लगाम, जावरा में जिंदगी का मोलभाव तो गरोठ में संसाधनों का अभाव दूर करना होगा। इसमें हमें जिम्मेदारों के साथ खुद को भी आगे करना होगा, ताकि मालवा का हर शहर अपनी कमियों को दूर कर सबकी आंखों का नूर बन सकें। दशहरा की शुभकामनाओं के साथ प्रस्तुत है मालवांचल के प्रमुख शहरों से पत्रिका की खास रिपोर्ट...

पत्रिका

पत्रिका 15/10/21

# कल से शहर में सड़कों की मरम्मत का कार्य होगा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

रतलाम शहर में वर्षा पश्चात सड़कों पर पैचवर्क की तैयारी नगर निगम द्वारा कर ली गई है। विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देशानुसार पैचवर्क के लिए सड़कें चिन्हित कर सूचीबद्ध की गई। सभी प्रमुख मार्गों पर पैच वर्क किया जाएगा, 16 अक्टूबर से काम शुरू हो जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सड़कों पर पैचवर्क कार्य के लिए गुरुवार को ठेकेदार को बुलाकर दिशा-निर्देशित किया गया, कार्य योजना पर चर्चा की गई। शहर में मुख्य रूप से जिन सड़कों पर पेचवर्क कार्य किया जाना है उन सड़कों में त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक तक, चांदनीचौक से लकड़पीठा रोड, चांदनी चौक से आबकारी चौराहा तक, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह के आसपास खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट तक, भरावा कुई से हाथी वाला मंदिर तक, चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाज़ार पानी की टंकी तक की सड़क शामिल है। इसके अलावा थावरिया बाजार से महलवाड़ा तक, मोचीपुरा चौराहे से सूरजपोल तक, जैन कॉलोनी के अंदर तक, टीआईटी रोड की मुख्य सड़क, ज्योति होटल से कालेज के सामने तिराहे तक, शनि देव मंदिर से कालिका माता मंदिर तक, गुलाब चक्कर वाली रोड आरडीए ऑफिस तक, बापू की होटल से हाकिमवाड़ा तक, महावीर नगर एवं लोटस सिटी क्षेत्र, स्टेशन रोड मेन रोड, फ्रीगंज मेन रोड, शास्त्री नगर कॉलोनी के अंदर की रोड, तेलियों की सड़क से मामाजी के घर तक, केर बावड़ी वार्ड नंबर 26, ला कालेज रोड आनंद कॉलोनी तक, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृत सागर सुलभ के सामने, दीनदयाल नगर मेन रोड तक, भगतपुरी तक, गौशाला रोड जैन स्कूल के पीछे तक, गोपाल गौशाला कॉलोनी तक, 80 फिट रोड गली नंबर 6 से हनुमान ताल तथा 80 फीट से अलकापुरी तक शामिल है। इसी तरह शक्ति नगर मेन रोड तक, बिरियाखेड़ी वृद्ध आश्रम रोड, 80 फीट रोड से स्नेह नगर रोड, एचएमटी मसाला से रतलाम पब्लिक स्कूल तक, डोंगरे नगर मेन रोड तक, मोहन नगर मेन रोड पीडब्ल्यूडी की रोड तक, कस्तूरबा नगर मेन रोड तक, अलकापुरी मेन रोड तक तथा साक्षी पेट्रोल पंप के पास तक पैचवर्क किया जाएगा।

स्वदेश 15/10/21

# स्पाट फाइन टीम से किया विवाद, प्रकरण दर्ज

रतलाम। माणकचौक थाना क्षेत्र के बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में नगर निगम की स्पाट फाइन टीम के साथ दो भाइयों द्वारा अभद्र व्यवहार कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई गई।

पुलिस के अनुसार निगम के उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विराट मेहरा टीम के साथ बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में सड़कों व गटरों में गंदगी करने वालों पर स्पाट फाइन करने गए थे। इस दौरान उन्हें फल विक्रेता आरोपित कैलाश पुत्र सूरजमल राठौर के हाथ ठेले के पास गंदगी दिखाई दी। टीम स्पाट फाइन करने लगी तो आरोपित कैलाश उसके भाई राजेश ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया व सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। विराट मेहरा की रिपोर्ट पर आरोपित कैलाश व राजेश के खिलाफ भादवि की धारा 353, 294 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

नई।

नईदुनिया 15/10/21

# शहर में कल से होगा खराब सड़कों का पैचवर्क

## प्रमुख मार्गों से होगी कार्य की शुरुआत

रतलाम। बारिश से खराब हुई शहर की सड़कों पर पेंचवर्क की तैयारी नगर निगम द्वारा कर ली गई है। विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देशानुसार पेंचवर्क के लिए सड़कें चिन्हित कर सूचीबद्ध की गई। सभी प्रमुख मार्गों पर पैच वर्क किया जाएगा। 16 अक्टूबर से काम शुरू हो जाएगा। गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ठेकेदार को बुलाकर दिशा-निर्देश दिए।

मालूम हो कि शहर में सीवरेज की खोदाई व बारिश के कारण सड़कों का बड़ा हिस्सा खराब हो गया है। नगर निगम ने पेंचवर्क के लिए अगस्त माह में टेंडर जारी किए थे, लेकिन 15 अक्टूबर के पहले डामरीकरण को लेकर अनुमति नहीं होने से काम अब शुरू होगा।

### इन सड़कों पर होगी मरम्मत

शहर में मुख्य रूप से त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक तक, चांदनीचौक से लक्कड़पीठा रोड, चांदनी चौक से आबकारी चौराहा तक, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह के आसपास खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट तक, भरावा कुई से हाथी वाला मंदिर तक, चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाार पानी की टंकी तक की सड़क पर मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा थावरिया बाजार से महलवाड़ा तक, मोचीपुरा चौराहे से सूरजपोल तक, जैन कालोनी के अंदर तक, टीआइटी रोड की मुख्य सड़क, ज्योति होटल से कालेज के सामने तिराहे तक, शनि देव मंदिर से कालिका माता मंदिर तक, गुलाब चक्कर रोड आरडीए आफिस तक, बापू की होटल से हाकिमवाड़ा तक, महावीर नगर एवं लोटस सिटी क्षेत्र, स्टेशन रोड मेन रोड, फ्रीगंज मेन रोड, शास्त्री नगर कालोनी के अंदर की रोड, तेलियों की सड़क से मामाजी के घर तक, केर बावड़ी वार्ड नंबर 26, ला कालेज रोड आनंद कालोनी तक, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृत सागर सुलभ के सामने, दीनदयाल नगर मेन रोड तक, भगतपुरी तक, गौशाला रोड जैन स्कूल के पीछे तक, गोपाल गोशाला कालोनी तक मरम्मत की जाएगी।

### पटरी पार भी सुधरेगी सड़क

पटरी पार इलाके में शक्ति नगर मेन रोड तक, विरियाखेड़ी वृद्धाश्रम रोड, 80 फीट रोड से स्नेह नगर रोड, 80 फीट रोड गली नंबर छह से हनुमान ताल तथा 80 फीट से अलकापुरी तक, एचएमटी मसाला से रतलाम पब्लिक स्कूल तक, डोंगरे नगर मेन रोड तक, मोहन नगर मेन रोड पीडब्ल्यूडी की रोड तक, कस्तूरबा नगर मेन रोड तक, अलकापुरी मेन रोड तक तथा साक्षी पेट्रोल पंप के पास तक पेंचवर्क किया जाएगा।

### बाल विवाह नहीं करने का संकल्प

आलोट। प्रमिलागंज वार्ड नंबर 13 अयोध्या बस्ती में नवदुर्गा उत्सव पंडाल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साधना रामावत ने उपस्थित महिला-पुरुषों को बाल विवाह नहीं करने का संकल्प दिलाया। रमेश नायक, कमलेश उमरवाल, मुकेश नायक, राधेश्याम प्रजापत, रमेश गुणेरा, दिनेश प्रजापत आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 15/10/21

**परेशानी** • रहवासियों की आवाजाही के लिए ब्लॉक लगाना शुरू, बिजली पोल व लाइन शिफ्टिंग भी बाकी

# सुभाष नगर ओवरब्रिज का अधूरा काम बनेगा परेशानी, इस साल भी दीपावली के ट्रैफिक पर जाम का झंझट

- भास्कर संवाददाता | रतलाम

फेस्टिवल सीजन शुरू हो चुका है, इसी के साथ भीड़ में इजाफा तय है, इसी के साथ शहर के प्रमुख इलाके राम मंदिर और शहर सराय पर जाम के लिए भी तैयार रहेंगे। इन दोनों क्षेत्र में लोड कम हो सकता था पर सुभाष नगर ओवरब्रिज अधूरा पड़ा है।

ओवरब्रिज दो प्रमुख इलाकों को जोड़ेगा। अब वहां आसपास रहवासियों के लिए ब्लॉक लगाने का काम शुरू हो गया है लेकिन दीपावली तक परेशानी रहेगी। बिजली के पोल और लाइन शिफ्टिंग बाकी है, यह ब्रिज हाट की चौकी को सीधे कॉमर्स कॉलेज से जोड़ने वाला है। त्योहारी सीजन को देखते हुए काम में तेजी लाना थी पर नहीं हो सका। नतीजा इस बार भी फेस्टिवल सीजन में राम मंदिर व शहर सराय इलाके में भारी भीड़ ही रहेगी। ब्रिज शुरू हो जाने से ट्रैफिक का लोड कम हो जाता।

## 2 हजार से ज्यादा रहवासी परेशान, राम मंदिर-शहर सराय पर वाहन चालकों को आएगी दिक्कत

- ब्रिज के अधूरे निर्माण के कारण दो हजार से ज्यादा रहवासी परेशान हैं।
- समपार फाटक से गुजर रही रेल लाइन के ऊपर का 72 मीटर का हिस्सा रेलवे का ठेकेदार बना रहा है। यह काम भी धीमा है।
- अभी ब्रिज का बॉक्स बनाना शुरू कर दिया है।
- इधर, डाट की पुल को खोल दिया गया है जो राहत की बात है क्योंकि 30% ट्रैफिक वहां से डायवर्ट हो जाएगा।
- पटरी पार आवाजाही के लिए सिर्फ तीन रास्ते डाट की पुल, चेतक ब्रिज और सुभाष नगर ब्रिज ही प्रमुख है।



सुभाष नगर ओवरब्रिज पर हो रहा काम।

**ब्लॉक लगाने का काम शुरू**

*ब्रिज पर ब्लॉक लगाने का काम शुरू हो गया है। टोटल कास्ट की लागत भी बढ़ी है। 25 करोड़ से बढ़कर लगभग 34 करोड़ पहुंच गई है।*
आरके गुप्ता, एसडीओ-सेतु विकास निगम

## 9 करोड़ से 34 करोड़ रुपए पहुंची लागत, मुआवजा बढ़ा...

- स्लैब की संख्या बढ़ा दी गई है। दो पिलर के बीच की लंबाई 120 मीटर से बढ़ाकर 200 मीटर कर दी।
- मुआवजा बांटने की योजना के समय गणना 12.71 करोड़ की थी, अब 13.19 करोड़ हो गए।
- बिजली लाइन शिफ्टिंग और नई लाइन व लाइट लगाने का खर्च बढ़ा। रिवाइज प्रपोजल को मंजूरी नहीं।
- पहले रिटेनिंग वॉल बनना थी, अब आवाजाही के लिए तीन-तीन बॉक्स बना रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 15/10/21

# मिड टाउन कॉलोनी में बल्क पेयजल कनेक्शन का शुभारंभ

रतलाम ● स्वदेश समाचार

विधायक चेतन्य काश्यप ने मिड टाउन कॉलोनी में बल्क पेयजल कनेक्शन योजना का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि रहवासी क्षेत्र बेहतर कैसे बने, उसके लिए रहवासी संघ का गठन करना आवश्यक है। रहवासी संघ द्वारा क्षेत्र की व्यवस्थाओं का संचालन भविष्य की कल्पना है। क्षेत्रवासी संघ के माध्यम से नागरिक सुविधाओं का पूरा ध्यान रखें। श्री काश्यप ने इस अवसर पर मिड टाउन सहकारी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा कर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मीणा, उपाध्यक्ष मुकेश टांक आदि का स्वागत किया। क्षेत्रवासियों द्वारा शहर के चौतरफा विकास के लिए श्री काश्यप का अभिनंदन किया गया। आरंभ में स्वागत भाषण मण्डल महामंत्री राकेश परमार ने दिया। स्वदेश

स्वदेश 15/10/21

## निकाय, प्राधिकरण और कॉर्पोरेशन में कर्मचारियों की संख्या घटी

# 5 साल में सवा लाख बढ़े कर्मी, अब भी एक लाख पद खाली

पत्रिका एक्सक्लूसिव

डॉ. दीपेश अवस्थी
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश के युवाओं और बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर है। सरकारी विभागों में नियुक्तियों की राह खुली है। कुछ विभागों ने भर्ती प्रक्रिया शुरू भी शुरू कर दी है। वहीं पांच साल में करीब सवा लाख भर्ती की जा चुकी है। अभी इतने ही पदों पर और भर्ती होना है। रिक्त पदों की बात की जाए तो अभी प्रदेश में दो लाख से अधिक पद रिक्त हैं। सरकार की कोशिश है कि इस साल के अंत तक विभागों में नई नियुक्तियां शुरू हो जाएं।

**नियमित बढ़े, अन्य कर्मचारी हुए कम:** राज्य में पिछले पांच साल में वैसे तो सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या में इजाफा हुआ है, लेकिन इन्हीं पांच सालों में सरकारी, अर्द्ध सरकारी और निकायों सहित अन्य संस्थाओं में पदस्थ कर्मचारियों की संख्या कम हुई है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो वर्ष 2016 में 7 लाख 44 हजार 137 कर्मचारी थे, जो 2020 में घटकर 6 लाख 47 हजार 795 हो गए। यानी पांच साल में कुल 96 हजार 432 कर्मचारी कम हुए हैं। इनकी तुलना में यहां नियुक्ति कम हुई है।






### इसलिए घटे अवसर

2018 में राज्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने का भी भर्ती पर असर हुआ था। सेवानिवृत्ति न होने पद रिक्त नहीं हुए।

### यहां हुईं नियुक्तियां

**चिकित्सक**, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सहित स्कूल में शिक्षकों आदि की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। 1200 से अधिक शिक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं।

### राज्य में अधिकारी-कर्मचारियों की स्थिति

| ब्यौरा | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| सरकारी विभागों में नियमित | 446762 | 447262 | 452439 | 472307 | 554991 |
| सार्वजनिक उपक्रम, अर्द्ध शासकीय संस्थान | 63449 | 59634 | 56869 | 47180 | 47028 |
| नगरीय स्थानीय निकाय | 84079 | 85961 | 88367 | 35284 | 34957 |
| ग्रामीण स्थानीय निकाय | 141236 | 138855 | 130291 | 5635 | 5290 |
| विकास प्राधिकरण एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण | 1739 | 1687 | 1657 | 866 | 829 |
| विश्वविद्यालय | 6872 | 6372 | 5936 | 4568 | 4700 |

पत्रिका

पत्रिका 15/10/21

**प्रयास** त्रिपोलिया गेट रहेगा मॉडल

# महलवाड़ा को संरक्षित करने के साथ सौंदर्यीकरण की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़ा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने के संबंध कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने हेतु इससे संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया।

विधायक ने बताया त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। काश्यप ने श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत आरडीए के माध्यम से रतलाम जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले [illegible]ंजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल [illegible]

भास्कर

दै. भास्कर 15/10/21

# डेंगू के चार नए मामले, पिछले साल की तुलना में दस गुना अधिक मिले

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। एलाइजा जांच में गुरुवार को भी डेंगू के चार नए मामले मिले। इस तरह अक्टूबर में भी लगातार डेंगू के मामले निकल रहे हैं। इस साल अब तक कुल 425 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले एक साल की तुलना में दस गुना से भी अधिक मरीज मिल चुके हैं। इसमें जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब में हुई एलाइजा जांच में पाजिटिव मिले सभी मरीज शामिल हैं। एंटीजन किट जांच में मिले मरीजों का आंकड़ा दो हजार पार हो गया है, जिसकी गिनती स्वास्थ्य विभाग नहीं करता और ऐसे मरीजों की मौत को भी डेंगू से मौत होना नहीं मान रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे थे, कि दशहरे तक डेंगू समाप्त हो जाएगा, लेकिन अभी तक मामले निकल रहे हैं। गुरुवार को भी जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में डेंगू के नए मरीज भर्ती किए गए। मेडिकल कालेज में डेंगू के उपचार के लिए ही संचालित सभी सात वार्डों में बेड भरे रहे। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिले हैं। मलेरिया विभाग के सर्वे में 50 से अधिक घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि गुरुवार को चार नए मामले मिले और सर्वे लगातार चल रहा है।

नईदुनिया 15/10/21

**डेंगू लार्वा का सर्वे जारी**

# शहर में 4 नए पॉजिटिव सामने आए, कुल केस 400 के पार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के मामले मिलना कम नहीं हो रहे हैं। गुरुवार को 4 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ



अब कुल केस 400 पार हो गए हैं। इधर, शहर में सर्वे का काम लगातार जारी है।

गुरुवार को 16 लोगों की एलाइजा टेस्ट से जांच की गई है। इसमें से 4 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। सभी मरीज अभी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। अब तक शहर में 400 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं जो अब तक के सर्वाधिक हैं। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में अभी किट का इंतजाम है। शहर में लगातार सर्वे जारी है, घर-घर जाकर लार्वा की जांच की जा रही है। इसमें बड़ी मात्रा में लार्वा भी मिल रहा है। लोगों से अपील है कि घरों में लार्वा ना पनपने दें। कूलर को खाली करें, अंडरग्राउंड टंकी को भी चेक करें, तेल डालें, छतों पर पुराने गमले, टायर आदि रखें हो तो हटा दें। भास्कर

दै. भास्कर 15/10/21

# 100 करोड़ लोगों के टीकाकरण पर मनाया उत्सव

रतलाम। कोविड टीकाकरण में देश में लगभग 100 करोड़ लोगों का वैक्सीनेशन होने के उपलक्ष्य में रतलाम जिले के चिह्नित टीकाकरण केंद्रों पर उत्सवी वातावरण में टीकाकरण किया गया। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 100 करोड़ नागरिकों का वैक्सीनेशन होना गौरव का विषय है।

शहर के अलकापुरी टीकाकरण केंद्र पर कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमएचओ डा. ननावरे एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिले के जावरा में डा. दीपक पालड़िया, सैलाना में डा. शैलेश डांगे, नामली में डा. राजेश मंडलोई, आलोट में डा. अब्दुल कादिर एवं बाजना में डा. जितेंद्र जायसवाल, पिपलौदा में डा. योगेन्द्र गामड़ एवं स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अलकापुरी केंद्र पर आशीष चौरसिया, सरला वर्मा, लोकेश वैष्णव, नीलेश चौहान, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

नईदुनिया 15/10/21

### आग बुझाने के दौरान करीब दो दर्जन फायर लगी लारियां, टैंकरों से पानी लाया गया

# प्लास्टिक गोदाम में आग, सब स्वाहा
# रिहायशी इलाका होने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर ही पेट्रोल पंप होने से आग वहां पहुंचती तो हादसे की कल्पना नहीं की जा सकती**

रतलाम. शहर के रिहायशी क्षेत्र मोहन नगर इलाके में स्थित प्लास्टिक पाइप के एक गोदाम में गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटों से देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। भीषण आग ने गोदाम की दीवार से लगे एक दर्जन से ज्यादा मकानों को भी प्रभावित किया। घरों में धुआं घुसने और आग की लपटें पहुंचने से लोगों ने घरों को खाली कर दिया। गोदाम से महज 100-150 फीट की दूरी पर ही इंडियन आइल का पेट्रोल पंप होने से आग का खतरा और बढ़ गया, लेकिन राहत वाली बात यह है कि आग यहां तक नहीं पहुंची। आग की सूचना के बाद प्रशासन, पुलिस और निगम के तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। जिस गोदाम में आ लगी उसके बारे में जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार यह गोदाम राकेश पगारिया का है। इनकी इंडस्ट्रीयल एरिया में प्लास्टिक पाइप बनाने की फैक्टरी भी है। फैक्टरी में बने पाइप और केबल को यहां लाकर रखा गया था।



## पांच किमी दूर तक देखा गया धुआं

आग से निकला धुआं आसमान में काफी ऊंचाई तक पहुंच गया। आसपास के लोग तो सहमे रह गए। धुआं घटना स्थल मोहननगर से करीब पांच किमी दूर तक दिखाई दिया। आग की सूचना जैसे ही सोश्यल मीडिया पर फैली तो लोग आसमान देखने लगे।

## बिना अनुमति के बनाया था गोदाम

गोदाम 85 गुणा 235 वर्ग फीट में यह गोदाम बनाया गया था। गोदाम का निर्माण करीब सालभर पहले हुआ था और इसमें तीन-चार माह पहले ही सामग्री लाकर रखी गई थी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार गोदाम बिना अनुमति बनाया गया था।

## इतने मकान हुए प्रभावित

आग से एक दर्जन से ज्यादा मकान प्रभावित हुए हैं। रायसिंह, गोपाल पंड्या, भंवरलाल कुंडेले, बगदीराम प्रजापत, नाथूसिंह सिसौदिया, कन्हैयालाल बोरासी, राम नारायण मौर्य, रामचंद्र पंड्या, बलवीरसिंह तंवर, बाबूलाल व्यास, राजीव तिवारी और वसीम खान हैं।

## यह भी रहा खास

- आग की लपटें इतनी तेज थी कि गोदाम से लगे मकानों की छत पर लगी पानी की प्लास्टिक की टंकियां भी लपटों में पिघल गई।
- कई टंकियां तो पिघलकर वहीं खत्म हो गई जबकि कुछ टंकियां बेकार हो गई।
- घरों में आए धुएं और लपटों की तपीश से घबराकर गैस सिलेंडर और सामान तक बाहर निकाल लिया और घर के बाहर सड़क पर रखा।
- आग बुझाने के दौरान नगर निगम के साथ ही इप्का, धामनोद, नामली नप की फायर लारियां, बड़े और छोटे टैंकरों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया।
- डीडीनगर टीआई एके ननाम का आग बुझाने के दौरान हाथ झुलस गया।
- निगम ने जेसीबी लगाकर पूरी बाउंड्रीवाल तोड़ डाली।
- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करना पड़ी।

## ये रहे पूरे समय मौजूद

आग की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, तहसीलदार, निगम के इंजीनियर, कर्मचारी, बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

प्रारंभिक रूप से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार गोदाम अवैध रूप से बिना अनुमति के बनाया गया था। आग से पास के कई मकानों की दीवारों में दरारें आ गई है और घरों में नुकसान हुआ है। मामला काफी गंभीर है। यह अच्छी बात है कि आग पर जल्द काबू पा लिया गया वरन बड़ा हादसा हो जाता। जांच के बाद गोदाम मालिक पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम शहर

## अवैध रूप से बनाया गया था गोदाम

गोदाम बनाने के लिए कोई अनुमति गोदाम मालिक ने नहीं ली थी। प्रथम दृष्टया गोदाम अवैध है और आग लगने के बाद मालिक से अतिक्रमण तोड़ने और आग बुझाने की राशि वसूल करने के साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। रहवासी क्षेत्र में इस तरह का बड़ा हादसा हुआ है जो काफी गंभीर मामला है। **- सोमनाथ झारिया,** निगम आयुक्त, रतलाम

## रहवासियों ने दर्ज कराई रिपोर्ट, इनके यहां हुआ यह नुकसान





गोदाम में लगी आग के मामले में रहवासियों ने औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने में नुकसानी का केस दर्ज कराया है। रहवासी आरएन मौर्य ने बताया कि वे कृषि उपज मंडी से सेवानिवृत्त हैं। सुबह 10.45 बजे हमारे घर के पीछे तरफ से धुंआ दिखा तो घर के पीछे गया। तो देखा बाऊन्ड्री वाल के अंदर रखे प्लास्टिक पाइप में आग लपटे उठ रही थी। आरएन मौर्य के घर का सामान, कपडे आदि, बलवंतसिंह पिता नाथूसिंह सिसोदिया 38 के घर का सामान पानी की टंकी, फ्रिज, पंखे आदि, कलावती पति कन्हैयालाल बौरासी 60 गणेश के घर की दीवारों में दरारे आ गई, रायसिंह चौहान पिता परमानंद चौहान राजपुत 72 के घर की दीवार, पानी की टंकी, लेट बाथ आदि में नुकसान, राजु तिवारी पिता सुखदेव तिवारी 35 के घर की दीवार व पानी की टंकी आदि में नुकसान, सीताबाई पति भंवरलाल प्रजापत 62 के घर की दीवार, पतरे, कपडे, डिब्बे, सब्जी बेचने की कैरट आदि, राजकुंवर पति दातारसिंह पंवार 48 के लेट बाथ व पानी के ड्रम में नुकसान, टीवी की छतरी, केबल आदि, गोपाल पड़्या पिता घीसु पंड्या 45 के घर की दीवार में दूरार व पतरे जल गए, रामचंद्र पंड्या पिता भैरूलाल पंड्या 45 के घर की दीवार, पानी की टंकी, वायरिंग आदि तथा बगदीराम पिता भैरूलाल प्रजापत 64 के मकान की खिड़किया, पानी की टंकी, प्लास्टिक का पाईप, पानी का ड्रम आदि में आग तथा सलमान पिता सलीम के घर के अंदर रखा सामान व पानी की टंकी में नुकसान हुआ है। पुलिस ने इनकी रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है।

# पाइप गोदाम में लगी भीषण आग, देखने लोगों की भीड़ उमड़ी

रतलाम। मोहननगर क्षेत्र स्थित माता मंदिर के समीप एक पाइप गोदाम में आग भभकने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे प्लास्टिक के पाइप गोदाम में आग भभकने के बाद थोड़ी दूरी

## ▶ पास में था पेट्रोल पंप, प्रशासन ने खाली करवाया

पर स्थित पेट्रोल पंप पर विक्रय बंद कराने के अलावा उसे खाली भी कराया गया।

सोशल मीडिया पर विकराल आग की सूचना एवं वीडियो वायरल होने से मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। ऐहतियात बतौर मौके पर फायर बिग्रेड सहित पुलिस अमले को तैनात करना पड़ा। पाइप गोदाम में लगी आग पर दमकल विभाग ने करीब दो घण्टे में काबू कर लिया। आग पर काबू पाने के लिए करीब चौदह टैंकर पानी का उपयोग



किया गया। इस काम में निजी टैंकरों का भी उपयोग किया गया।

अग्निकाण्ड के बाद नगर निगम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गोदाम की बाउण्ड्री वाल को ढहा दिया। इस भीषण अग्निकाण्ड में किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई,लेकिन आसपास के कई घरों में काफी नुकसान हुआ है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आसपास के रहवासियों की रिपोर्ट पर आगजनी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा रहा हैं।

नवभारत

## अधिकारी भी पहुंचे

स्थानीय रहवासियों की आग की सूचना पर मौके पर एक ही फायर बिग्रेड पहुंची जो कि नाकाफी रही। सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को जानकारी पहुंचने के बाद दो अन्य फायर बिग्रेड के साथ नगर निगम का दमकल अमला भेजा गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शार्ट -सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गहलोत सहित प्रशासनिक अमला एवं पुलिस बल मौजूद है।

## दूर तक लोगों ने देखा धूंआ

गुरुवार सुबह मोहननगर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक के पाइप गोदाम में अचानक आग भभकने के साथ आसमान में उठता धुंआ करीब 4 किलोमीटर दूर से देखा गया।

नवभारत 15/10/21

# रतलाम में गोदाम में लगी भीषण आग, नागरिकों में फैली दहशत

पीपुल्स संवाददाता • रतलाम
मो.नं. 9826486291

गुरुवार सुबह नगर के बिरियाखेड़ी-मोहन नगर तिराहे पर स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि 20-30 फीट ऊंची लपटें उठ रही थीं,जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। आग 6-7 घंटे तक जारी रही, जिसे बुझाने में दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ी।

जानकारी के अनुसार आग बिरियाखेड़ी-मोहन नगर तिराहे पर प्लास्टिक गोदाम में गुरुवार सुबह लगी। आग से उठा धुएं का ऐसा काला गुबार शहर के हर कोने से दिखाई दे रहा था। आग की लपटें हवा के साथ पेट्रोल पंप की ओर बढ़ रही थी, जिससे लोगों में बड़ी अनहोनी की आशंका में दहशत का माहौल था। आग की शुरुआत कैसे हुई, इसे लेकर खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन अचानक ही आग खुले मैदान से सटे प्लास्टिक गोदाम में फैलने से भीषण हो उठी।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे लोग नवमी होने से भोजन, कन्या पूजन में लगे थे।



## दमकलकर्मियों को लगे 8 घंटे, 80 टैंकर पानी से बुझी आग

आग बुझाने के लिए रतलाम की सभी फायर ब्रिगेड और निजी पानी के टैंकर लग गए। इसके बाद भी आग पर काबू नहीं हुआ तो नामली, धामनोद, सैलाना नगर परिषद की फायर लॉरी, इप्का और रेलवे से भी मदद ली गई। फोम और फायर एक्टिंग्विशर भी बुलाए गए। करीब 3 घंटे में आग पर काबू हुआ, लेकिन इसे पूरी तरह बुझाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। शाम तक गर्म प्लास्टिक और आसपास के घरों में सामान रह रहकर सुलगता रहा।

अचानक आग की 20-25 फीट ऊंची लपटें उठने के साथ धमाकों की आवाजें होने लगी। लोग बाहर आए तो देखा कि प्लास्टिक गोदाम से आग की लपटें उठ रही थीं। लोगों ने पुलिस, दमकल को सूचना दी व सोशल मीडिया पर वीडियो डाले। जहां आग लगी वहां से 50 मीटर दूर ही पेट्रोल पंप है। ऐसे में आग को बढ़ता देख लोगों में दहशत फैल गई थी।

**एक दर्जन अधिकारी पंहुचे-** आग की सूचना मिलते ही एसपी गौरव तिवारी, एडीएम एमएल आर्य, सीएसपी हेमंत चौहान, निगम कमिशनर सोमनाथ झारिया, थाना प्रभारी ओपीएस सिंह सहित निगम के इंजीनियर सहित अन्य विभागों के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने इस दौरान अधिकारियों के साथ प्लानिंग की, कि प्लास्टिक का मलबा हटाकर आग को बुझाने के साथ उसे पेट्रोल पंप तक जाने से भी रोका जाए। इसके बाद तत्काल उसी रणनीति पर काम शुरू किया गया।

पिपुल्स

पिपुल्स समाचार 15/10/21

# प्लास्टिक पाइप के अवैध गोदाम में भीषण आग

## लाखों का नुकसान, आसपास के घरों की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हुई



अवैध गोदाम में लगी आग बुझाते हुए दमकलकर्मी। ● नईदुनिया


**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मोहन नगर में पेट्रोल पंप के पीछे स्थित प्लास्टिक पाइप के अवैध खुले गोदाम में गुरुवार सुबह आग लग गई। कुछ देर में ही आग तेजी से फैल गई और बड़ी लपटें निकलने लगी। प्लास्टिक पाइप जलने से उठने वाला धुआं पांच किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। दमकलों व पानी के टैंकरों की मदद से आग पर करीब दो घंटे बाद काबू पाया जा सका। आग बुझाने के दौरान दीनदयाल थाना प्रभारी अशोककुमार ननामा का एक हाथ भी झुलस गया। मामले में पुलिस ने रहवासी की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। नगर निगम ने भी बगैर अनुमति गोदाम में पाइप आदि रखने के चलते गोदाम संचालक राजेश पगारिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए एसपी व टीआइ औद्योगिक क्षेत्र थाना को पत्र लिखा है।

मोहन नगर में राजेश पगारिया के करीब 85 बाय 235 वर्गफीट के भूखंड पर केवल बाउंड्रीवाल बनाकर बनाए गए गोदाम में बड़ी मात्रा में कृषि उपयोगी पीवीसी व प्लास्टिक के पाइप रखे थे। वहां सुरक्षा या आग बुझाने संबंधी इंतजाम नहीं थे। न ही निगम से गोदाम की अनुमति ली गई थी। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वहां रखे पाइपों में आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के दौरान करीब तीन घंटे तक आसपास के मार्गों से आवागमन भी रोका गया। गोदाम के पास कचरा जलाने से आग लगने की बात कही जा रही है। सूचना मिलने पर एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषक गौतम, सीएसपी हेमंत चौहान, दीनदयाल थाना प्रभारी अशोककुमार ननामा, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी ओपी सिंह, नगर निगम अधिकारी जीके जायसवाल सहित कई अधिकारी, पुलिस व होमगार्ड के जवान, पूर्व पार्षद पवन सोमानी आदि मौके पर पहुंचे। आवागमन रोकने के साथ ही बिजली आपूर्ति भी बंद की गई। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने मोहन नगर व गोदाम की एक दीवार से लगे गणेश नगर निवासी आरएन मौर्य की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। गोदाम संचालक राजेश पगारिया से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला।



आग की लपटें तीन मंजिला मकानों के ऊपर तक पहुंची। ● नईदुनिया

**घर खाली कराए, गैस टंकियां निकलवाई :** मौके पर पहुंचे पुलिस, प्रशासन व नगर निगम के फायर ब्रिगेड के अमले ने आग बुझाने के इंतजाम किए। आग आसपास के घरों में न फैले, इसके लिए गैस टंकियां बाहर निकलवाकर घर भी खाली कराए गए। आग की लपटों के कारण आसपास के घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियां भी पिघल गई, वहीं घरों में रखा सामान भी खराब हो गया।



आग से आसपास के घरों की छत पर रखी प्लास्टिक की पानी की टंकियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। ● नईदुनिया

**नगर निगम वसूलेगा पांच लाख रुपये :** आग बुझाने में नगर निगम की तीन, इप्का लैब की एक, नगर परिषद धामनोद व नामली की फायर ब्रिगेड, 10 पानी के टैंकर, तीन जेसीबी मशीन, श्रमिक लगाए गए। आयुक्त सोम झारिया ने बताया कि आग बुझा पांच लाख रुपये खर्च होने पर ग संचालक राजेश पगारिया (पग ट्रेडर्स) निवासी शुभम विहार को राशि तीन दिन में निगम में जमा करा नोटिस दिया है।

**टीवी की छत्री, फ्रीज आदि भी पहुंचा नुकसान :** मौर्य द्वारा थाने पर लिखाई रिपोर्ट में बताया ग कि आग से उनके घर के कपड़े व स को नुकसान पहुंचा है। वहीं बलवं सिसौदिया, कलावती बौरासी, रा चौहान, राजू तिवारी, सी प्रजापत, राजकुंवर पंवार, ग पंड्या, बगदीराम प्रजापत, सलम सलीम के मकान को नुकसान पहु सामान भी खराब हो गया।

**आवासीय क्षेत्रों में नहीं खतरनाक व्यापार :** आ की घटना के बाद कलेक्टर पुरुषोत्तम ने शहर में आवासीय क्ष संचालित किए जा रहे आमज स्वास्थ्य के प्रतिकूल, खत व्यापार व्यवसाय हटाए जाने के अधिकारियों को दिए।



# रतलाम में पाइप गोदाम में लगी भीषण आग

### 5 किमी दूर से दिखता रहा धुआं और लपटें

रतलाम, (एजेंसी)। रतलाम में गुरुवार सुबह पाइप गोदाम में भीषण आग लग गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद 7-8 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्लास्टिक पाइप का यह गोदाम मोहन नगर क्षेत्र में रिहायशी इलाके और एक पेट्रोल पंप के पास था। एहतियातन गोदाम के आसपास के कुछ घरों को खाली करा लिया गया था। राहत की बात ये है कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

मोहन नगर के कुछ घर भी आग और धुएं से प्रभावित हुए हैं। आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटें और धुआं शहर में 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई देते रहे। यह गोदाम पगारिया ट्रेडर्स का है, जिसमें कृषि उपयोग के ढश्उ पाइप और केबल रखी हुई थीं।

### आग बुझाने में डीडी नगर थाना प्रभारी झुलसे

गोदाम के पास मौजूद पेट्रोल पंप और रिहायशी इलाके तक आग न फैले, इसके लिए पुलिस प्रशासन और दमकलकर्मी दो घंटे तक आग बुझाने में जुटे रहे। आग बुझाने और इलाके से लोगों को बाहर निकालने के दौरान डीडी नगर थाना प्रभारी अशोक निनामा का हाथ झुलस गया। इसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। रिहायशी इलाका होने की वजह से आग बुझाने में दमकल टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। —चो. संसार

—चोखा संसार 15/10/21

25

# पेट्रोल पंप के पीछे गोदाम में भीषण आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

## हादसे के बाद जागा प्रशासन, गोदाम तोड़ा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

गुरुवार सुबह मोहननगर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक के पाइप गोदाम में अचानक आग आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के 50 से अधिक घर इसकी चपेट में आ सकते थे। प्रशासन द्वारा आनन-फानन में इन घरों को खाली कराया गया और इन घरों में रखे गैस सिलेंडरों को भी दूसरी जगह रखा गया। वहीं जहा आग लगी थी उसके आगे एक पेट्रोल पंप था, जिसे तत्काल बंद करवाया गया।सूचना पहुंचने पर मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। ऐहतियात बतौर मौके पर फायर बिग्रेड सहित पुलिस अमले को तैनात करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्लास्टिक पाइप में लगी आग को 7 फायर लारियों सहित पानी के टैंकरों से करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। रहवासी क्षेत्र में खुली जमीन पर माल गोदाम की अनुमति देने पर क्षेत्रवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। मौके पर मौजूद प्रशासन व निगम अधिकारियों के समक्ष जमकर विरोध जताया। आग पर काबू पाने के बाद गोदाम की चारों तरफ बनी बाउंड्रीवॉल को जेसीबी के माध्यम से तोड़ दिया। अगर यह आग रात में लगती तो क्षेत्र में बडी जनहानि हो सकती थी।



आग इतनी भीषण थी कि उसका धुआं 4 से 5 किमी तक दिखाई दे रहा था। मौके पर पहुंचे निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया, शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी के समक्ष क्षेत्रवासियों ने आपत्ति ली कि रहवासी क्षेत्र में माल गोदाम और पेट्रोल पंप संचालन की अनुमति किसने दी अगर आग लोगों के घर तक पहुंच जाती तो कौन जिम्मेदार होता? रहवासी क्षेत्र में पेट्रोल पंप को लेकर भी काफी नाराजगी देखने के साथ पम्प को हटाने की मांग सामने आई। इस दौरान अधिकारियों व क्षेत्रवासियों के बीच जमकर बहसबाजी भी देखी गई। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। तभी सीएसपी हेमंत चौहान ने पुलिस बल के साथ भीड़ को हटाने का प्रयास किया। बहरहाल इस आगजनी में कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है वहीं आसपास के कितने घरों को नुकसान पहुंचा है, इसका भी जायजा लिया जा रहा है। वहीं रहवासी क्षेत्र में इस तरह के गोदाम की परमिशन कैसे मिली और आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही

राज एक्सप्रेस 15/10/21

# आबोहवा से लेकर धरा का जल भी दूषित, कहीं जिंदग




## उज्जैन



उज्जैन स्मार्ट सिटी की ओर बढ़ता शहर अब प्रदूषण की गिरफ्त में आता जा रहा है। इस वर्ष प्रदूषण की स्थिति में शहर चौथे पायदान पर यानी पुअर स्थिति में है। जुलाई 2021 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 203 पहुंच गया, जो पर्यावरण के लिहाज से खतरे की स्थिति है। बिगड़ते पर्यावरण की वजह वाहनों से निकलता धुआं है। वृक्षों की कम होती संख्या भी एक वजह है। धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित कर रहे शहर को हमें पर्यावरण की दृष्टि से संवारना होगा।

## रतलाम



रतलाम शहर के 49 वार्डों में स्वच्छता के लिए पूरा जोर नगर निगम लगा रही है। कभी कर्मचारी का निलंबन किया जाता है तो कभी समीक्षा करते है। फिर भी हालात में सुधार नहीं आया है। बेहतरी के लिए अब जरूरी है कि रतलाम के बाशिंदे इंदौर की तरह जब गंदगी नजर आए तो स्वयं झाड़ू उठा ले। यह संकल्प दशहरा पर लिया जाना जरूरी है। शहर में करीब 4 लाख लोग रहते है। अगर यह आबादी ठान ले तो रतलाम शहर को भी आदर्श के तौर पर स्वच्छता में नंबर वन लाया जा सकता है।

## देवास



देवास में अमानक स्तर की पॉलिथिन का उपयोग पिछले कुछ वर्षों में कम हुआ है लेकिन अभी भी सब्जी, फल विक्रताओं के साथ ही अन्य कारोबार से जुड़े व्यापारी पॉलिथिन में उपभोक्ताओं को सामान दे रहे है। जागरुकता का अभी भी अभाव है। घर से कपड़े आदि की थैली लेकर कई लोग नहीं निकलते और सामान खरीदने पर पॉलिथिन की मांग करते है। करीब दो दशक से माता टेकरी क्षेत्र में पॉलिथिन मुक्ति के लिए चामुंडा सेवा समिति के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है।

## मंदसौर



मंदसौर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में प्रदेश में टॉप थ्री में आता है। यहां पर कई प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी होती है तो यहां पर इन अवैध मादक पदार्थ का नशा करने वाले भी बड़ी संख्या में है, लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिले में एक मात्र नशा मुक्ति केंद्र था जो वर्तमान में बंद कर दिया गया है। ऐसे में कैसे नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को नशे निजात मिलेगी पर सवाल है अधिक लोगों को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया जाता था। और नशे से निजात दिलाई जाती थी।

## नीमच



नीमच राजस्थान से लगी सीमा वाला जिला है, यहां आए दिन हो रहे भ्रष्टाचार के मामले सबसे बड़ी चुनौती है। इसके खिलाफ आम व्यक्ति और जिम्मेदारों को और मुखरता के साथ खड़ा होना पड़ेगा। अफीम उत्पादन वाले इस जिले में किसानों के साथ फैक्ट्री के जिम्मेदार ने ही धोखाधड़ी कर ली तो गांव में पटवारी और लेखापाल तक रिश्वत लेते धराए है। जिला मुख्यालय पर भी आए दिन भ्रष्टाचार के आरोप लगते है। सदाचार को व्यवहार में लाने पर इसे रोका जा सकता है।

## शाजापुर



शाजापुर में वैसे तो जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिवर्ष प्रदेश सहित देशभर में नाम रोशन करते है, लेकिन इनके पीछे एक और गहरी बात यह है कि जिले में सुविधाओं के आभाव और पारिवारिक मजबूरी के चलते कई प्रतिभाएं पूरी तरह निखरने के पहले ही दब जाती है। प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक सहित विभिन्न संगठनों की मदद से ऐसी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिले तो जिले का नाम देशभर में अग्रणी हो सकता है।

## ...ा जल भी दूषित, कहीं जिंदगी तो कहीं व्यवस्था शोषित




### नीमच



नीमच राजस्थान से लगी सीमा वाला जिला है, यहां आए दिन हो रहे भ्रष्टाचार के मामले सबसे बड़ी चुनौती है। इसके खिलाफ आम व्यक्ति और जिम्मेदारों को और मुखरता के साथ खड़ा होना पड़ेगा। अफीम उत्पादन वाले इस जिले में किसानों के साथ फैक्ट्री के जिम्मेदार ने ही धोखाधड़ी कर ली तो गांव में पटवारी और लेखापाल तक रिश्वत लेते धराए हैं। जिला मुख्यालय पर भी आए दिन भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं। सदाचार को व्यवहार में लाने पर इसे रोका जा सकता है।

### शाजापुर



शाजापुर में वैसे तो जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिवर्ष प्रदेश सहित देशभर में नाम रोशन करते हैं, लेकिन इनके पीछे एक और गहरी बात यह है कि जिले में सुविधाओं के आभाव और पारिवारिक मजबूरी के चलते कई प्रतिभाएं पूरी तरह निखरने के पहले ही दब जाती हैं। प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक सहित विभिन्न संगठनों की मदद से ऐसी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिले तो जिले का नाम देशभर में अग्रणी हो सकता है।

### आगर



आगर-मालवा जिला बनने के बाद से ही बुनियादी सुविधाओं का मोहताज है। जिला दर्जा मिलने के बाद भी शहर और अंचल के विकासखंडों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाए है। परिवहन से लेकर संसाधनों की कमी के कारण स्थानीय नागरिक आज भी समीप के बड़े जिलों पर निर्भर है। रोजगार के अवसर कम है तो स्वास्थ्य के लिए अल्प सुविधाओं वाला जिला अस्पताल है। अंचल में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लंबे समय से खाली पड़े पदों की पूर्ति नहीं हो रही है।

### नागदा



नागदा शहर का सबसे बड़ा मुद्दा नागदा को जिला बनाने का है। जो राजनीतिक पेंच में उलझ गया है। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले जन अशीर्वाद यात्रा के तहत शहर पहुंचे मुख्यमंत्री नागदा को जिला बनाने की घोषणा कर गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी नागदा को जिला बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाए थे। 2020 और 2021 कोरोनाकाल की वजह से नया जिला बनाने की प्रस्तावित प्रक्रिया अधर में रह गई। इस कमी को ऐसे दूर किया जा सकता है।

### जावरा




जावरा रतलाम जिले का दूसरा बड़ा शहर और जिला दर्जा वाला मांग का क्षेत्र है, लेकिन इस क्षेत्र में देह व्यापार का दंश और कुप्रथाओं का चलन आज भी विकास की राह का रोड़ा बना हुआ है। क्षेत्र में अनेक जगहों पर अनैतिक कारोबार के खिलाफ कार्रवाई हुई है, लेकिन अब भी यह पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। वहीं, हाईवे से लगे इलाकों में तो नशाखोरी और तस्करी जैसे के साथ अपराध की दर में बढ़ोतरी ने भी आम जिंदगी की रफ्तार को रोकने का काम किया है।

### गरोठ



गरोठ क्षेत्र में संसाधनों की कमी से क्षेत्रवासी जूझ रहे हैं। जिले में सबसे अधिक संतरे की खेती गरोठ क्षेत्र में होती है। इसलिए क्षेत्र को छोटा नागपुर भी कहा जाता है, लेकिन किसानों की फसलों के संसाधनों को बढ़ाया जाए तो किसानों को लाभ होगा। तो आमजन की समस्या दूर हो इसके लिए एडीएम की पोस्टिंग करना चाहिए। पोस्टिंग की कमी दूर हो तो क्षेत्रवासियों को फायदा होगा। क्षेत्र में कई ऐसी सड़कें है जिनका निर्माण हो तो आने-जाने में आसानी होगी।

21

हादसा | कड़ी मशक्कत के बाद दो घण्टे में बुझ पाई आग, आगजनी के कारणों का नहीं हुआ खुलासा

# पाइप गोदाम में लगी भीषण आग

**स्वतंत्र समय, रतलाम।**

शहर के मोहन नगर इलाके में स्थित प्लास्टिक पाइप के एक गोदाम में दोपहर करीब ग्यारह बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटों से देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। यह गोदाम इण्डियन आइल पैट्रोल पंप के बेहद पास में होने से आग का खतरा और बढ गया है। आगजनी से निकले धुएं ने आसपास के कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है और डोंगरे नगर, विरियाखेडी जैसे इलाकों में धुएं के कारण अंधेरा छा गया है। भीषण आगजनी पर अब तक कई टैंकर पानी डाला जा चुका है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पंहुच गए थे।

## आसपास के घरों को हुआ नुकसान, आपराधिक प्रकरण दर्ज

मोहन नगर के पाइप गोदाम में लगी आग पर दमकल विभाग ने करीब दो घण्टे में काबू कर लिया। अग्निकाण्ड के बाद नगर निगम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गोदाम की बाउण्ड्री वाल को ढहा दिया। इस भीषण अग्निकाण्ड में किसी तरह की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन आसपास के कई घरों में काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने आसपास के रहवासियों की रिपोर्ट पर आगजनी का आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। दमकल विभाग के प्रमुख देवेन्द्र पुरोहित ने बताया कि फायर ब्रिगेड को 10.55 पर आगजनी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल दस्ता फौरन घटनास्थल पर पंहुचा और आग को बुझाने की कोशिशें शुरु कर दी गई थी। आग बुझाने के लिए नगर निगम की तीन दमकल गाडियों के अलावा इप्का की एक दमकल और नामली, धामनोद व



सैलाना की दमकलें भी बुला ली गई थी। दमकल दस्ते ने करीब दो घण्टे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया था। इस दौरान करीब चौदह टैंकर पानी का उपयोग किया गया। इस काम में निजी टैंकरों का भी उपयोग किया गया। नगर निगम के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल ने बताया कि उक्त गोदाम करीब 8 हजार वर्ग फीट जमीन पर बाउण्ड्री वाल खडी करके बनाया गया खुला गोदाम था। उक्त निर्माण अवैध होने से आग पर काबू पाने के बाद उक्त भूखण्ड पर बनाई गई बाउण्ड्री वाल को ढहा दिया गया है। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने के टीआई ओपी सिंह के मुताबिक इस आगजनी में आसपास के घरों को काफी नुकसान हुआ है। घरों के उपर रखी पानी की टंकिया पिघल गई,तो किसी की खिडकी जल गई। आसपास के रहवासियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आगजनी का प्रकरण दर्ज किया है। आगजनी के कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए है। इसकी जांच की जा रही है। टीआई श्री सिंह क मुताबिक उक्त गोदाम राजेश पगारिया नामक व्यक्ति का होने की जानकारी सामने आई है । उक्त जमीन और इस पर रखे पाइप की मालकियत के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। प्रकरण की जांच में यदि उनकी लापरवाही सामने आती है तो कार्यवाही की जाएगी।

स्वतंत्र - समय

स्वतंत्र समय 15/10/21



# लापरवाही की आग

## अवैध प्लास्टिक गोदाम से शुरू हुई, 12 मकानों को भी लिया चपेट में

### गोदाम संचालक गायब, पीड़ित मकान मालिकों ने कराई एफआईआर

- रतलाम की अवैध कॉलोनी मोहननगर में अवैध प्लास्टिक गोदाम में रखे पाइपों ने कचरे से उठी चिंगारी से पकड़ी आग
- 50 लाख रुपए का (अनुमानित) प्लास्टिक पाइप जला, 12 मकानों में भी 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान
- घटना स्थल के समीप ही पेट्रोल पंप होने से 4 कॉलोनियों में दहशत, अफरा-तफरी मची, लोग घर छोड़कर भागने लगे
- आग बुझाने के लिए नगर निगम के अलावा इप्का, नामली, धामनोद से भी फायर लॉरी बुलवाई, 25 टैंकर लगे



आग से पास की कॉलोनी में अफरा-तफरी मची। लोग घरों से गैस सिलेंडर निकालकर भागे।

विस्तृत खबर पढ़ें इनसाइड पर

- तीन माह पहले ही गोदाम संचालक ने यहां पाइप रखवाए, इस बात को लेकर कॉलोनी के रहवासियों से हुआ था विवाद
- आग बुझाने के दौरान दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अशोक ननामा की हथेली झुलसी, लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहे
- शहर में लगी आग का धुआं 5-6 किलोमीटर दूर के ग्राम रामपुरिया और जुलवानिया से भी दिखाई दे रहा था
- नगर निगम कमिश्नर झारिया बोले- अवैध था गोदाम, कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा- शहर से बाहर करें सभी गोदाम

**प्रसंगवश : दशहरा (15 अक्टूबर)**

## यदि घमंड तो तय पतन, रावण बना मिसाल

यदि घमंड तो तय पतन, रावण बना मिसाल ।
जो घमंड से मुक्त हैं, वे रहते खुशहाल ।।

मर्यादा पुरुषोत्तम, हैं विनम श्री राम।
शक्ति-शील-सौंदर्य से, धीरज के गुणधाम ।।

दंभी संतति दंभ की, दंभ उसे यों खाय ।
जैसे कि नागिन ख़ुद के, अंडे खुद खा जाय।।

रूप, ज्ञान, धन, भक्ति का, मत करना अभिमान।
सत्ता, पद मिला तो कह, धन्यवाद भगवान।।

दशहरा सिखलाता है, सीखें हम सब लोग।
अहंकार है दुष्टता, अहंकार है रोग।।




-अज़हर हाशमी

## नेहरु स्टेडियम में होगा रावण

रतलाम @ पत्रिका. शहर में शुक्रवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आमतौर पर शहर में नेहरू स्टेडियम के साथ साथ हनुमान ताल पर रावण के पुतले का दहन होता है। कोरोना के चलते इस बार एक ही स्थान नेहरू पर यह आयोजन नगर नि करवाया जाएगा। आतिशबा की मधूर धुन के साथ श्री पात्र द्वारा रावण के पुतले आतिशबाजी से लगाई जाए में लक्ष्मण व हनुमान भी रहें

**मालवा के अहम शहरों में एक प्रमुख समस्या जिसका निदान करने आगे आना होगा**

# कमियों को करें दूर तभी बनेंगे सबकी आंखों के नूर



## आइए, इस महापर्व 10 कमियों को दूर करने का लें संकल्प

आज दशहरा महापर्व है, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिवस। पौराणिक काल की गाथा आज भी प्रासंगिक है, हमें खुद ही अपनी कमियों और अपने आसपास के कुसंस्कारों को नष्ट करने के कदम बढ़ाना पड़ेंगे। अपनी खास जीवन शैली, आगे बढ़ने की ललक, विपरित हालातों में भी मजबूत हौसला और सेवाभावी स्वभाव वाले मालवा में हर शहर की अपनी एक बड़ी कमी है, जिसको दूर करने के साथ ही हमें सार्वजनिक जिम्मेदारी को भी निभाना है। इसके लिए महापर्व पर हम ऐसी 10 कमियों का दूर करने का संकल्प लें।पत्रिका टीम. मालवांचल का उज्जैन संभाग खुद में कई विशेषताएं समेटे है, लेकिन इनके बीच कुछ कमियां ऐसी है, जिनका दूर होना जरूरी है।



## हमारी परंपरा, हमारा दायित्व...मिल

सार्वजनिक तौर पर हम खुद इसकी शुरूआत कर सकते है तो दूसरों को प्रेरित कर आदर्श स्थापित करने की दिशा में बढ़ा जा सकता है। उज्जैन में बिगड़ती आबोहवा, रतलाम में स्वच्छता के प्रति अनदेखी, देवास में पॉलीथिन मुक्ति की उदासीनता, मंदसौर में नशे की प्रवृत्ति, नीमच में बढ़ता अपराध, शाजापुर में शिक्षा की कुप्रथाओं पर लगाम में संसाधनों का अ के साथ खुद को शहर अपनी कमि सकें। दशहरा की शु के

# पाइप गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने जान पर खेलकर आग पर काबू पाया, प्रशासन हुआं अलर्ट



रमेश सोनी

रतलाम। शहर के मोहन नगर में पाइप गोदाम में आग लग जाने से हड़कंप मच गया आग की लपटे और धुएं से समूचे क्षेत्र में रहवासियों का दम घुटने लगा।

मामले की खबर जैसे ही शहर में फैली आग पर काबू पाने के लिए कई लोग जुट गए,अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने में जान जोखिम में डालकर प्रयास कर रहे हैं।मोहन नगर क्षेत्र में स्थित प्लास्टिक पाइप के एक गोदाम में दोपहर करीब ग्यारह बजे अचानक आग लगी।आग की लपटों से देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। आगजनी से निकले धुएं ने आसपास के कई क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है,आग का धुंआ कई किलोमीटर दूर सें दिखाई दे रहा है। भीषण आगजनी पर अब तक कई टैंकर पानी डाला जा चुका है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पंहुच गए है।

## प्लास्टिक के कारण भड़की आग

गोदाम में पीवीसी पाइप भरे हुए थे,जिसकी वजह से आग तेजी से फैली और देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया।भीषण आग से गहरा काला धुआं शहर में दूर दूर तक नजर आने लगा।गहरे काले धुएं ने डोंगरे नगर विरीयीखेडी जैसे कई क्षेत्रों को पूरी तरह ढंक लिया और इन इलाकों में अंधेरा सा छा गया।पाइप का यह गोदाम इण्डियन आइल के पैट्रोल पंप के बिल्कुल पास में स्थित है।भीषण अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पंहुच गए। आगजनी के चलते आसपास में लोगों की भारी भीड जमा हो गई है। भीड को नियंत्रित्त करने के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फायर ब्रिगेड की कई लारियों से पानी डालने के बावजूद भी आग काबू में नहीं आ पाई है।

## अधिकारी पंहुंचे घटना स्थल

घटनास्थल पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम,एसपी गौरव तिवारी व अनेक प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद है।समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं बता दें कि जिला प्रशासन के अधिकारी आग लगने के एक घंटे बाद तक मौके पर पहुंचे,समय रहते अधिकारी पंहुच जातें तो निश्चित ही आग पर जल्द नियंत्रण हों सकता था। कस्तूरबा नगर स्थित पानी की टंकी से दमकल विभाग ने दमकलों को भरकर लाने में मदद मिली बता दें कि आग लगे स्थान से नगर निगम कार्यालय घटना स्थल से दुर होने से आग पर नियंत्रण करने में देरी हो सकती थीं।

स्वतंत्रलेखा 15/10/21